गृह विज्ञान

उद्घाटन समारोह

1 सितम्बर से गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अन्तर्गत 01-07 सितम्बर तक सप्तदिवसीय कार्यशालाा का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र का संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता सुश्री स्मिता दूबे ने किया। कार्यशाला का संयोजन सुश्री शारदा रानी ने किया।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मंचस्थ अतिथि

महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

फोर्टिफाइड फूड प्रतियोगिता

विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. विजय कुमार चौधरी

2 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "फोर्टिफाइड फूड प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या गुप्ता (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान शान्ति मौर्या (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान अंजली तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरस्कार खुशबू निषाद (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं शालू सिंह (एम.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी, प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा रक्षा अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. नेहा कौशिक ने तथा संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने किया।

विशिष्ट व्याख्यान

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करतीं श्रीमती शिप्रा सिंह

3 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "कुपोषण मुक्त भारत" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता के रूप में गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने किया।

विशिष्ट व्याख्यान

मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट करतीं सुश्री स्मिता दूबे

4 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में सप्तदिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत "एनीमिया मुक्त भारत" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान की मुख्य वक्ता सरस्वती विद्या मन्दिर महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. कनक मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रीतिका त्रिपाठी ने तथा

महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सुश्री स्मिता दूबे ने किया।

भाषण प्रतियोगिता

6 सितम्बर को गृहविज्ञान विभाग द्वारा सप्तदिवसीय कार्यशला के अन्तर्गत "राष्ट्रीय औषधीय उद्यान कार्यक्रम" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता दूबे (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान दिव्या गुप्ता (बी.ए. द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान कृति गौड़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री शारदा रानी, सुश्री रीतिका त्रिपाठी व सुश्री स्मिता दूबे रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा कौशिक ने एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने की।

औषधीय पौधों के विषय में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते प्रशिक्षु

कार्यशाला में अपना विचार व्यक्त करतीं प्रशिक्षु

समापन समारोह

7 सितम्बर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा सप्तदिवसीय कार्यशाला समापन समारोह के अन्तर्गत "सही पोषण देश रोशन" विषय पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा विश्वकर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान अम्बिका सिंह (एम.ए. द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान कृति गौड़ (बी.ए. तृतीय वर्ष) तथा सांत्वना पुरस्कार पिंकी सिंह (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह, भूगोल विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नीलम गुप्ता तथा गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. नेहा

कार्यशाला के समापन अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि एवं अपना अनुभव व्यक्त करते प्रशिक्षुगण

महाविद्यालय में आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशालाएं

कौशिक रहीं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शारदा रानी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने की।